"Nuclear Ambitions" released on September 19, 1990 from Washington according to which Pakistan was now capable of deploying five to ten nuclear[1] bombs for delivery by aircraft;

(b) whether Government have since verified the reports;, and

(c) if so, what is Government's refaction thereto?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA); (a) to (c) Yes, Sir. Government are fully aware of the clandestine and weapons oriented nature of Pakinstan's nuclear programme. India's deep concern about Pakistan's weapons oriented nuclear programme has been conveyed to all concerned, including Pakistan. The security situation of India remains constantly under review. Government of India will take all necessary measures designed to cope with any threat- that may be posed to India's security.

NAM Efforts on solution of Gulf Crisis

741. PROF. SOURENDRA BHATTACHARJEE: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state-.

(a) whether NAM efforts to find a peaceful solution of the Gulf Crisis has been able to make any break-through; if so, the details in this regard; and

(b) whether Government consider the package deal of simultaneous solution of Gulf Crisis and Palestinian problem acceptable?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA): (a) The efforts of NAM to find a peaceful solution of the Gulf crisis are continuing.

(b) The Government of India believes that both the Gulf crisis and the Palestinian question should be urgently resolved. However, there need be no direct linkage between these two questions.

मध्य प्रदेश में प्रदूषण रहित पर्यावरण को बढ़ावा देने संबंधी कार्यक्रमों को क्रियान्वित करने के लिए वित्तीय सहायता

742. **श्री अजीत जोगी :**

कुमारी आलिया :

क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में गत तीन वर्षों के दौरान प्रदूषण रहित पर्यावरण को बढ़ावा देने संबंधी कार्यक्रमों को लागू करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार को वर्ष-वार कितनी वित्तीय सहायता दी गई ;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान इस कार्यक्रम पर वास्तव में कितनी धनराशि खर्च हुई ;

(ग) उक्त अवधि के दौरान यदि कोई राशि बिना खर्च हुए रह गई है, तो उसका ब्यौरा क्या है, और उसे खर्च न किए जाने के क्या कारण हैं ;

(घ) उक्त अवधि के दौरान किए गए कार्यों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है ;

(ङ) क्या सरकार को उक्त धनराशि के खर्च किए जाने में हुई अनियमितताओं तथा कदाचारों के बारे में शिकायतें प्राप्त हुई हैं ; और

(च) इन मामलों में दोषी पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती मेनका गांधी) : (क) पिछले तीन वर्षों में प्रदूषण नियंत्रण के कार्यक्रम कार्यान्वित करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार और मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा निम्नलिखित है :—

1987--88	14.25 लाख रुपये
1988--89	1.87 लाख रुपये
1989--90	19.28 लाख रुपये

(ख) दी गई 35.40 लाख रुपये की कुल राशि में से 33.20 लाख रुपये खर्च किए गए ।

(ग) 2.20 लाख रुपये खर्च नहीं किए गए, क्योंकि खतरनाक पदार्थों के प्रबन्ध की विशिष्ट कार्य विधियों का पता नहीं लगाया जा सका ।

(घ) केन्द्र सरकार द्वारा दी गई निधियों का इस्तेमाल उपकरण खरीदने और तननीकी कर्मचारियों को वेतन का भुगतान करने के लिए किया गया । पिछले तीन वर्षों में 30.35 लाख रुपये मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा और 2.85लाख रुपये मध्य प्रदेश राज्य प्रदूषण विभाग द्वारा निम्नलिखित तरीके से खर्च किए :--

	1987-88	1988-89	1989-90
(1) मध्य प्रदेश पर्यावरण विभाग द्वारा उपकरण खरीदने और कर्मचारियों के लिए	2.85	--	--
(2) मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड :			
(क) कर्मचारियों के वेतन के लिए	1.40	1.00	2.90
(ख) उपकरणों की खरीद के लिए	10.00	0.87	9.88
(ग) खतरनाक अपशिष्टों का प्रबन्ध	--	--	4.80
(ङ) जी, नहीं ।			
(च) प्रश्न नहीं उठता ।			

आदिवासी क्षेत्रों को दूरसंचार सुविधाएं

743. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी आलिया :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उड़ीसा, मध्य प्रदेश तथा बिहार के आदिवासी क्षेत्रों में दूरसंचार सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं ;

(ख) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि में सरकार की इन राज्यों के आदिवासी क्षेत्रों में दूरसंचार सुविधाओं का विस्तार करने की कोई योजना है, और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में उप मंत्री और संचार मंत्रालय में उप मंत्री श्री जय प्रकाश) : (क) जी हां ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ग) जी हां ।

(घ) जनजातीय क्षेत्रों में बेहतर एवं विश्वसनीय संपर्क स्थापित करने के उद्देश्य से, इन क्षेत्रों में दूरसंचार सुविधाओं के विकास की आठवीं पचवर्षीय योजना का मसौदा तैयार करते समय विशेष प्राथमिकता दी गई है । जनजातीय क्षेत्रों के लिए आठवीं पंचवर्षीय योजना के मसौदे में किए गए प्रस्तावों की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं :--

(i) जनजातीय क्षेत्रों में सभी एक्सचेंजों में व्यवहारिक रूप से मांग आते ही टेलीफोन कनेक्शन प्रदान करना ।